एक नजर में

मंदिर की जमीन के लिए 90 वर्षीय बुजुर्ग पुजारी को पीटा

गुना। जिले के ग्राम देहरी में एक शर्मनाक मामला सामने आया है, जहाँ सदियों पुराने चांदी वाले हनुमान मंदिर की जमीन को लेकर एक दबंग ने मंदिर के वयोवृद्ध पुजारी पर जानलेवा हमला कर दिया। 90 वर्षीय पुजारी कमलदास महाराज के साथ हुई इस मारपीट की घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। घायल पुजारी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कमलदास महाराज पिछले तीन दशकों से इस प्राचीन मंदिर में निस्वार्थ भाव से पूजा-अर्चना और सेवा कर रहे हैं। ग्रामीणों के बीच वह अपनी सादगी और धार्मिक निष्ठा के लिए अत्यंत प्रतिष्ठित माने जाते हैं। दोपहर करीब 3 बजे जब महाराज मंदिर परिसर में मौजूद थे, तभी आरोपी ने उन पर हमला बोल दिया। मिली जानकारी के अनुसार, विवाद की मुख्य वजह मंदिर की करीब 6 बीघा बेशकीमती जमीन है। आरोप है कि गांव का ही निवासी भैयालाल जर्जर लंबे समय से इस जमीन पर गिद्ध दृष्टि जमाए हुए है और उस पर अवैध कब्जा करना चाहता है। इसी कब्जे की नीयत से उसने बुजुर्ग पुजारी के साथ विवाद किया और उनके साथ बेरहमी से मारपीट की। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से भाग निकला। हमले में घायल हुए बुजुर्ग पुजारी को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। इस संबंध में रुठियाई चौकी में आरोपी भैयालाल के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश की जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि देवस्थान की जमीन को भू-माफियाओं से मुक्त कराया जाए और एक निहत्थे बुजुर्ग पर हमला करने वाले दोषी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

पुलिस थानों में नहीं, अब शिविरों में हो रहा समाधान

न्याय की चौखट जनता के द्वार : एसपी हितिका वासल की संवेदनशीलता ने जीता गुना का दिल

नवभारत न्यूज

गुना 10 अप्रैल का। खाकी का रंग अक्सर सख्त और अनुशासन प्रिय माना जाता है, लेकिन जब इस खाकी के पीछे एक संवेदनशील और न्यायप्रिय मन होता है, तो वह जनता के लिए 'उम्मीद की किरण' बन जाता है। गुना जिले की कमान संभाल रही पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने अपनी इसी कार्यशैली से पुलिस और जनता के बीच की दूरी को मिटाने की एक ऐसी मिसाल पेश की है, जिसकी चर्चा आज हर आम और खास की जुबान पर है। जनहित में उनके द्वारा किए जा रहे सशक्त एवं संवेदनशील प्रयास न केवल सराहनीय हैं, बल्कि आधुनिक पुलिसिंग की एक नई परिभाषा गढ़ रहे हैं।



अक्सर देखा जाता है कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें केवल फाइलों और कंप्यूटर स्क्रीन तक सीमित रह जाती हैं, लेकिन एसपी हितिका वासल ने इसे एक मिशन के रूप में लिया है। उनके विशेष निर्देशन में गुना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत एक भव्य और विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर का उद्देश्य केवल शिकायतों का निराकरण करना नहीं था, बल्कि उन पीड़ितों के जख्मों पर मरहम लगाना था जो लंबे समय से न्याय की आस में भटक रहे थे। शिविर के दौरान कोतवाली परिसर में जो दृश्य दिखा, वह प्रशासन के प्रति विश्वास को और मजबूत करने वाला था। बड़ी संख्या में अपनी व्यथा लेकर पहुँचे नागरिकों को यह महसूस हुआ कि अब उन्हें अपनी बात कहने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। एसपी के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों ने न केवल शिकायतें सुनीं, बल्कि कई पेचीदा मामलों का मौके पर ही निराकरण कर फरियादियों के चेहरे पर मुस्कान बिखेर दी।

उम्मीदों का नया सवेरा

शिविर में उपस्थित नागरिकों ने पुलिस की इस तत्परता और सेवा भावना को 'जनहितकारी' बताया। एक पीड़ित बुजुर्ग ने नम आँखों से कहा कि जब बड़े अधिकारी स्वयं उनके पास आकर समस्या सुनते हैं, तो लगता है कि व्यवस्था अभी भी आम आदमी के साथ खड़ी है। एसपी के इस भावनात्मक जुड़ाव ने गुना पुलिस की छवि को एक 'मित्र पुलिस' के रूप में स्थापित कर दिया है। भविष्य में भी जिले के अन्य क्षेत्रों में ऐसे शिविरों के निरंतर आयोजन का संकल्प लेकर हितिका वासल ने यह स्पष्ट कर दिया है कि गुना पुलिस का हर सिपाही जनसेवा के लिए समर्पित है। उनके इस सशक्त नेतृत्व और जनहित के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता ने न केवल जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ किया है, बल्कि पुलिस विभाग के प्रति जनता के सम्मान को भी कई गुना बढ़ा दिया है। आज गुना जिले के लोग गर्व से कहते हैं कि उनके जिले की सुरक्षा और सम्मान अब सुरक्षित हाथों में है।

संवेदना और शक्ति का अद्भुत संगम

इस शिविर में पुलिस अधीक्षक के निर्देशों का पालन करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मान सिंह ठाकुर, सीएसपी गुना प्रियंका मिश्रा और कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक सी.पी.एस. चौहान ने सक्रिय सहभागिता की। अधिकारियों ने एक अभिभावक की तरह लोगों की समस्याओं को सुना। जिन शिकायतों का तुरंत समाधान संभव नहीं था, उनके लिए समय-सीमा निर्धारित कर संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल का मानना है कि पुलिसिंग का असली चेहरा तब चमकता है जब समाज का सबसे कमजोर व्यक्ति भी निर्भीक होकर अपनी बात कह सके। शिविर के दौरान उन्होंने भावुक शब्दों में कहा, प्रत्येक नागरिक की समस्या का निराकरण हमारी प्राथमिकता है। इस प्रकार के जनसुनवाई शिविर केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं हैं, बल्कि यह पुलिस और आमजन के बीच विश्वास की उस डोरी को मजबूत करने का जरिया है जो अक्सर संवाद की कमी से कमजोर पड़ जाती है।



हिनोतिया में सरपंच पर परिजनों के साथ मारपीट का आरोप, 4 घायल

नवभारत न्यूज

गुना। जिले के म्याना थाना अंतर्गत ग्राम हिनोतिया में दबंगई का एक मामला सामने आया है। यहां गांव के वर्तमान सरपंच पर एक युवक और उसके परिजनों के साथ बेरहमी से मारपीट करने के गंभीर आरोप लगे हैं। घायलों की स्थिति को देखते हुए उन्हें गुना जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ पुलिस ने उनके बयान दर्ज किए हैं। पीड़ित युवक के अनुसार, घटना गुरुवार रात करीब 8:30 बजे की है। युवक दुकान से सामान लेकर अपने घर की ओर जा रहा था। रास्ते में सरपंच का घर पड़ता है। आरोप है कि जैसे ही वह वहां से गुजरा, सरपंच घनश्याम आदिवासी ने अपने चार साथियों के साथ मिलकर उसे अचानक पकड़ लिया और बिना किसी स्पष्ट कारण के उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित का दावा है कि जब वह इस घटना की शिकायत दर्ज कराने म्याना थाने पहुँचा, तो आरोपी सरपंच ने वहां भी दुस्साहस दिखाया। थाने के पास ही आरोपी ने पीड़ित के अन्य परिजनों बहादुर, अनिल और पीड़ित की पत्नी के साथ फिर से मारपीट की। इस हमले में अनिल और बहादुर को सिर में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद सभी घायलों को तत्काल गुना जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उनका उपचार जारी है। अस्पताल में मीडिया और पुलिस को दिए बयान में पीड़ित ने स्पष्ट किया है कि उसकी सरपंच से कोई पुरानी दुश्मनी या रंजिश नहीं थी। इसके बावजूद उन पर जानलेवा हमला किया गया।

बस संचालकों की मनमानी के विरुद्ध सख्त एक्शन

6 बसों के चालान, 12 हजार का जुर्माना वसूला

नवभारत न्यूज

गुना। शहर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने और आमजन को जाम की झाम से मुक्ति दिलाने के लिए गुना पुलिस ने सख्त तेवर अपना लिए हैं। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के नेतृत्व में जहाँ एक ओर नागरिकों को नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है, वहीं नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध निरंतर दंडात्मक कार्रवाई भी की जा रही है।



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मान सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में आज यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक अजय प्रताप सिंह की टीम ने ओल्ड ए.बी. रोड के विभिन्न व्यस्ततम क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस टीम ने जिला न्यायालय के सामने, जय स्तंभ चौराहा, एक्सीलेंस स्कूल के बाहर, लाहोटी तिराहा एवं जज्जी बस स्टैंड जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर सड़क किनारे अवैध रूप से खड़ी बसों की जाँच की। उल्लेखनीय है कि पूर्व में सभी बस संचालकों को सेमिनार और संवाद के माध्यम से स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि वे अपनी बसें केवल निर्धारित बस स्टैंड पर ही खड़ी करें और वहीं से सवारियां बैठाएं-उतारें।

इसके बावजूद कई बस चालक बीच सड़क या रोड साइड पर बसें खड़ी कर यातायात बाधित कर रहे थे, जिससे आम नागरिकों को आवागमन में भारी असुविधा हो रही थी।

चालानी कार्रवाई और सख्त चेतावनी

आज की कार्रवाई के दौरान पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाली 06 बसों को जब्त कर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालान बनाए।

इन बसों से कुल 12 हजार रुपये का समन शुल्क वसूला गया। कार्रवाई के साथ ही बस संचालकों को सख्त हिदायत दी गई कि यदि दोबारा बसें स्टैंड के बाहर खड़ी पाई गईं, तो और भी कठोर वैधानिक कदम उठाए जाएंगे।

प्रेस क्लब गुना ने दान किया 13 क्विंटल गेहूं

गुना। समाज सेवा और परोपकार की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए प्रेस क्लब गुना और उसके अध्यक्ष आनंद लोढ़ा द्वारा सेवा भारती अन्नपूर्णा भोजनालय को भारी मात्रा में खाद्य सामग्री दान की गई है। शुक्रवार को प्रेस क्लब की ओर से भोजनालय के सुचारु संचालन हेतु 13 क्विंटल गेहूं भेंट किया गया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी तीन दिन पहले प्रेस क्लब जिलाध्यक्ष आनंद लोढ़ा द्वारा व्यक्तिगत रूप से भोजनालय के सहयोग हेतु 90 किलोग्राम दाल, 30 किलोग्राम चावल, 30 लीटर तेल और 50 किलोग्राम शक्कर दान की गई थी। प्रेस क्लब के इस सेवाभावी कदम की नगर के प्रबुद्ध जनों द्वारा सराहना की जा रही है। सेवा भारती परिवार ने प्रेस क्लब गुना और अध्यक्ष आनंद लोढ़ा के इस उदार सहयोग के लिए उनका हृदय से आभार व्यक्त करते हुए साधुवाद दिया है। सेवा भारती प्रबंधन ने कहा कि अन्नपूर्णा भोजनालय पिछले 33 वर्षों से पूरी तरह जनसहयोग और दानदाताओं की मदद से ही संचालित हो रहा है।



'पर्यावरण संवाद' का समापन, पर्यावरण संरक्षण को बताया ईश्वरीय कार्य, नागरिकों ने लिया संकल्प

गुना। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के अंतर्गत स्थानीय होटल राजश्री में 'पर्यावरण संवाद' कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पर्यावरण प्रेमियों ने एकजुट होकर प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं तुलसी पूजन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के अखिल भारतीय सह-संयोजक राकेश जैन उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रभावी उद्बोधन में कहा कि पर्यावरण का संरक्षण करना वास्तव में एक ईश्वरीय कार्य है। यह किसी बाहरी व्यक्ति की मदद नहीं, बल्कि स्वयं की सेवा है, जिसे हमें अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए खुद ही करना होगा। उन्होंने 'पेड़ लगाओ, जल बचाओ, पॉलिथिन हटाओ' का प्रभावी संदेश देते हुए समाज के हर वर्ग से इसमें सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तात्या टोपे विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. किशन यादव ने की। उन्होंने वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण की महती आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए इसे अस्तित्व की रक्षा के लिए अनिवार्य बताया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व कुलगुरु डॉ. ओमप्रकाश अग्रवाल और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक अशोक सिंह ने भी पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने के लिए अपने विचार साझा किए। इस संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के पर्यावरण प्रेमी बंधु और भगिनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विभाग पर्यावरण संयोजक अमित गोयल ने उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण बचाने के लिए सामूहिक संकल्प दिलाया।

थैलेसिमिया पीड़ित बच्चों की मदद के लिए पुलिस का मानवीय चेहरा

नवभारत न्यूज

गुना। मानवता की सेवा और सामाजिक सरोकार की दिशा में गुना पुलिस ने एक और सराहनीय कदम उठाया है। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में थाना धरनावदा अंतर्गत पुलिस चौकी झागर में थैलेसिमिया पीड़ित बच्चों की सहायता हेतु रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। चौकी प्रभारी अनिल कदम एवं समस्त स्टाफ के सहयोग से आयोजित इस शिविर में पुलिसकर्मियों और स्थानीय युवाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। समाजसेवी प्रमोद भार्गव ने इस अवसर पर जानकारी देते हुए बताया कि गुना जिले में कई बच्चे



थैलेसिमिया जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं, जिन्हें जीवन जीने के लिए हर महीने नए रक्त की अनिवार्य आवश्यकता होती है। इसी आवश्यकता को पूरा करने और लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जिला स्वास्थ्य विभाग और ब्लड बैंक के सहयोग से यह अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज झागर चौकी में रक्तदान का विशेष मंच सजाया गया। शिविर में कुल 22 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। स्वयं पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने शिविर में पहुँचकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सभी दानदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और समाज के अन्य लोगों से भी इस पुनीत कार्य में जुड़ने की अपील की।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आपके द्वारा दान की गई रक्त की एक बूंद किसी मासूम को नया जीवन दे सकती है। रक्तदान करने वालों में अनिल कदम, जोगेश शर्मा, पवन शर्मा, राघवेन्द्र सोलंकी, सोनू जाटव, रामावतार, रविंद्र सोलंकी, धर्मेंद्र शर्मा, जितेंद्र सिंह किरार, दिलीप लोधी, सरनाम वंजारा, धर्मेन्द्र किरार, अवदेश रावत, सचिन तोमर, संजीव यादव, नरेंद्र मीणा, वनीत लोधी, सीताराम शिवहरे और वलदाव मीणा प्रमुख रूप से शामिल रहे।

सिंधिया से मिले नवनियुक्त प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट विकास जैन



गुना। भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट विकास जैन नखराली ने गुरुवार को दिल्ली पहुंचकर केंद्रीय दूरसंचार मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया से सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने नवीन दायित्व मिलने पर सिंधिया का आभार व्यक्त करते हुए उनका आशीर्वाद लिया। मुलाकात के दौरान विकास जैन ने ज्योतिरादित्य सिंधिया को भगवान राम की प्रतिमा भेंट की। उन्होंने प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट के रूप में मिली नई जिम्मेदारी के लिए केंद्रीय मंत्री के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। विकास जैन ने विश्वास दिलाया कि वह संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा, समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे। आभार व्यक्त करने के साथ ही विकास जैन ने केंद्रीय मंत्री के साथ गुना क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने क्षेत्र की कुछ महत्वपूर्ण समस्याओं और विकास कार्यों की ओर सिंधिया का ध्यानाकर्षण कराया। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद विकास जैन ने कहा कि ज्योतिरादित्य सिंधिया के कुशल मार्गदर्शन में वे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने और संगठन को मजबूती प्रदान करने का कार्य करेंगे। नए कार्यकाल की औपचारिक शुरूआत के रूप में देखा जा रहा है।

भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस मई में 7 फेरे रहेगी निरस्त

गुना। उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल अंतर्गत कनकपुरा स्टेशन पर मई माह में होने वाले यार्ड रीमॉडलिंग और नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के चलते भोपाल-जोधपुर-भोपाल के कई फेरे निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। इस ट्रेन का निरस्त होना गुना जिले के यात्रियों के लिए असुविधाजनक हो सकता है, क्योंकि यह क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण और उपयोगी गाड़ी है। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि यह कार्य भविष्य में बेहतर रेल संरक्षा, सुगम परिचालन और ट्रेनों की गति बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। यात्रा शुरू करने से पहले ट्रेनों की अद्यतन स्थिति की जांच अवश्य कर लें।

खेल महोत्सव पिंक पैंथर बनी ओवरऑल चैंपियन, महिलाओं ने दिखाया दमखम

तीन दिवसीय इग्नाइटा खेल महोत्सव का भव्य आयोजन

गुना। स्थानीय अभ्युदय क्लब द्वारा तीन दिवसीय इग्नाइटा खेल महोत्सव का सफल आयोजन किया गया। 6 से 8 अप्रैल तक चली इस खेल प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में खेल भावना, आत्मविश्वास और समूह सामंजस्य को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें क्लब की अध्यक्ष रिया जैन, सचिव डॉ. पूनम पारीक, कोषाध्यक्ष सपना जैन, संस्थापक रेनू अग्रवाल, संयोजक नेनू जैन, यशा जैन और गोल्डी अग्रवाल ने महिला खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। क्लब अध्यक्ष रिया जैन ने बताया कि इस महोत्सव के माध्यम से सभी सदस्यों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया गया



है। महोत्सव के पहले दिन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें 'ब्लू थंडर', 'पिंक पैंथर' और 'ग्रीन स्टॉर्म' टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबले में ब्लू थंडर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पिंक पैंथर को शिकस्त देकर खिताब जीता। इस दौरान सुष्मिता मंगल, दीप्ति अग्रवाल, मिनी बंसल और शुभिका विजयवर्गीय को मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। मीनू विजयवर्गी सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और मिनी बंसल सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहीं। दूसरे दिन डॉजबॉल प्रतियोगिता में ब्लू थंडर विजेता और ग्रीन स्टॉर्म उपविजेता रही। वहीं तीसरे दिन आयोजित 'रनवे एक्स' प्रतियोगिता में पिंक पैंथर ने प्रथम और ग्रीन स्टॉर्म ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

पिंक पैंथर ने जीती चैंपियनशिप

तीनों दिनों के प्रदर्शन के आधार पर पिंक पैंथर टीम को 'ओवरऑल चैंपियन' घोषित किया गया, जबकि ब्लू थंडर उपविजेता रही। समापन समारोह में मुख्य अतिथि सविता अरविंद गुप्ता और विशिष्ट अतिथि विनीता जैन ने विजेताओं को ट्रॉफी, पदक और पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया। आयोजन में निर्णायक (अंपायर) की भूमिका निभाने वाले सदस्यों का भी सम्मान किया गया। अंत में डॉ. पूनम पारीक ने सभी का आभार व्यक्त किया।

पार्षदों के साथ बैठक के बाद हरिपुर रोड से हटाए गए अतिक्रमण

गुना। शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और जनसमस्याओं के निराकरण के लिए नगर पालिका प्रशासन एक्शन मोड में नजर आ रहा है। प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री के निर्देशन में आज वार्ड क्रमांक 9 और 10 के अंतर्गत बूढ़े बालाजी से हरिपुर रोड तक सघन अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। दरअसल, एक दिन पहले सीएमओ ने वार्ड क्रमांक 1 से 17 तक के पार्षदों के साथ एक अनौपचारिक बैठक की थी। इस बैठक में पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्रों की प्रमुख समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया था। वार्ड 9 और 10 के पार्षदों द्वारा सड़क पर बढ़ते अतिक्रमण की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए आज यह त्वरित कार्रवाई की गई। स्थानीय निवासियों द्वारा हरिपुर रोड पर पक्के चबूतरे बनाकर और



गुमठियां रखकर सड़क को संकरा कर दिया गया था। इससे न केवल आवागमन बाधित हो रहा था, बल्कि आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती थी। अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ वार्डों की अन्य मूलभूत समस्याओं का भी मौके पर निराकरण किया गया। नालियों की सफाई कराकर जल भराव की समस्या को दूर किया गया। सीएमओ ने वार्डों में व्याप्त पेयजल की समस्या का भी तत्काल समाधान कराया गया। इस पूरी कार्रवाई के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी, पार्षद बृजेश राठौर, लालाराम लोधा, विवेक श्रीवास्तव, शकील खान, अतिक्रमण प्रभारी अमित आर्य मौजूद रहे। सीएमओ सुश्री मंजुषा खत्री ने बताया कि कलेक्टर द्वारा स्वच्छता और शहर की व्यवस्थाओं को लेकर विशेष निर्देश दिए गए हैं। पार्षदों के साथ समन्वय कर समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जा रहा है।